Decline in tourism in Bihar and North Eastern States

3059. SHRI S. S. AHLUWALIA: Will the Minister of CIVIL AVIATION AND TOURISM be pleased to state:

(a) whether it is a fact that Tourism is fast declining in Bihar and North Eastern-States Particularly in Assam;

(b) if so, what are the details thereof; and

(c) what action Government propose to take to boost tourism in Bihar and North Eastern State?

THE MINISTER OF CIVIL AVIATION AND TOURISM (SHRI GHULAM NABI AZAD): (a) No. Sir.

(b) Does not arise.

(c) The development of tourism is primarily the responsibility of the State Governments. However financial assistance is provided by the Central Department of Tourism on the basis of specific proposals received from the respective State Governments, inter-se priority and availability of funds. A major project for the development of Buddhist circuit has been taken-up in Bihar with the assistance of Japanese Government and the entry restrictions to North-East are being relaxed to allow larger flow of tourists to that region.

कानपुर के लिये विमान सेवाएं

3060. चौधरी हरमोहन सिंह : क्या **नागर विमानन और पर्यटन मंत्री** यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या यह सच है कि कानपुर के लिये विमान सेवाएं नियमित नहीं हैं ;

(ख) यदि हां, तो उसके क्या कारण हैं ; और

(ग) कानपुर के लिये विमान सेवाएं नियमित करने के लिये सरकार द्वारा क्या कार्यवाही की जा रही है?

नागर विमानन और पर्यटन मंत्री (श्री गुलाम नबी आजाद) : (क) से (ग) इस समय कानपुर विमान मार्ग से जुड़ा हुआ नहीं है । अपर्याप्त यातायात मांग के कारण इंडियन एयरलाइंस ने 20-5-1992 से कानपुर के लिये अपनी उड़ानें बन्द कर दी थीं । वाणिज्यिक और प्रचालनात्मक कारणों से न तो इंडियन एयरलाइंस और न ही वायुदूत, इस समय कानपुर के लिये सेवा पुनः चालू करने की स्थिति में है ।

उत्तर प्रदेश में होटल, मोटल तथा यात्री निवास का निर्माण

3061. चौधरी हरमोहन सिंह : क्या नागर विमानन और पर्यटन मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) वर्ष 1992-93 के दौरान केन्द्र सरकार द्वारा की गई वित्तीय सहायता से उत्तर प्रदेश में निर्मित होटलों, मोटलों तथा यात्री निवासों का स्थानवार ब्यौरा क्या है ; और

(ख) केन्द्र सरकार द्वारा इस संबंध में सहायता की कितनी राशि प्रदान की गई?

नागर विमानन और पर्यटन मंत्री (श्री गुलाम नबी आजाद) : (क) और (ख) होटलों के निर्माण के लिये केन्द्रीय सरकार द्वारा वित्तीय सहायता दिये जाने की कोई स्कीम नहीं है । वर्ष 1992-93 के दौरान हरिद्वार में यात्री निवास का निर्माण करने के लिये सरकार ने 20.69 लाख रुपये स्वीकृत किये थे ।

गुजरात में मोटल तथा पर्यटक गृहों का निर्माण

3062. श्री राम सिंह राठवा : क्या **नागर विमानन और पर्यटन** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) 31 जनवरी, 1994 की स्थिति के अनुसार गुजरात में केन्द्रीय सहायता से निर्मित मोटलों तथा पर्यटक गृहों का ब्यौरा क्या है , और